Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 12th August, 2023

<u>Opening at five National Banks for all UG and PG Students</u>

पांच बैंकों में 3049 पदों पर हो रही भर्ती, 21 तक रजिस्ट्रेशन

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और सतना में होगी परीक्षा

सात साल में सबसे कम वैकेंसी, छह बैंकों की रिक्रूटमेंट डिमांड आने पर बढ़ेगी संख्या

भास्कर संवाददाता | इंदौर

बैंकिंग सेक्टर से जुड़े इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) ने प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) के 3049 पदों पर वैकेंसी निकाली है। बैंक रिक्रूटमेंट ड्राइव में कुल 11 बैंक शामिल हैं, लेकिन फिलहाल पांच ने ही वैकेंसी की डिटेल जारी की है। छह बैंकों ने अपनी वैकेंसी की डिटेल आईबीपीएस को नहीं भेजी है। इनकी डिटेल आने पर पदों की संख्या बढ़ेगी। आईबीपीएस ने पीओ परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 21 अगस्त तक चलेगी। ग्रेजुएशन कर चुके स्टूडेंट्स परीक्षा में भाग ले सकेंगे। चयन तीन चरणों से गुजरने पर होगा। प्रीलिम्स क्लीयर करने वाले ही मेन एग्जाम के लिए एलिजिबल होंगे। मेन क्वालिफायर करने वालों को इंटरव्यू देना होगा। इसके बाद फाइनल सिलेक्शन होगा।2017 से अब तक एक साल में इस बार सबसे कम पदों पर भर्ती निकली है।

किस बैंक में कितनी नौकरियां

बैंक	नौकरियों की संख्या
बैंक ऑफ इंडिया	224
केनेरा बैंक	500
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	2000
पंजाब नेशनल बैंक	200
पंजाब एंड सिंध बैंक	125

कब, कितनी वैकेंसीज

साल	वैकेंसीज
2023	3049
2022	7402
2021	5809
2020	3517
2019	4336
2018	4252
2017	3562

प्रदेश के 7 शहरों में होगी परीक्षा

परीक्षा के लिए एग्जामिनेशन सिटी घोषित की गई है। मप्र में प्रीलिम्स एग्जाम इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना और सागर में होगी। वहीं मेन एग्जाम इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में होगी।

इन बैंकों ने नहीं भेजी वैकेंसी

बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वैकेंसीज अभी तक नहीं भेजी हैं।

ANIL MISHRA
<u>(Training & Placement Officer)</u>